generations in view of the family's historical importance. As a result of a review undertaken in 1952, it was decided that the pension of Rs. 2,500/- per month should be continued for the life time of the present holder and the question of it continuance to his successor should be considered when the occasion arises.

(c) Government have decided to abolish privy purses and privileges of Rulers as defined under article 366 (22) of the Constitution. The question of political pensions granted by the British Government to the previous ruling families has not been fully considered so far.

**Drop-Outs from Primary Schools**

7369. SHRI BABURAO PATEL: Will the Minister of EDUCATION AND YOUTH SERVICES be pleased to state:

(a) the total number of students receiving Primary education, Statewise, and the total number of schools imparting Primary education;

(b) whether it is a fact that there is an increasing percentage of drop-outs from the Primary schools which is likely to affect badly the expansion of primary education;

(c) if so, the actual percentage of drop-outs in the last three years; and

(d) the salient features of the programme of action formulated by the Education experts at the conference sponsored by the National Council of Educational Research and Training in New Delhi on the 27th January, 1970?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EDUCATION AND YOUTH SERVICES (SHRI BHAKT DARSHAN): (a) The information is given in statement I laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT—3304/70.]

(b) and (c). Figures for the last 3 years are not available. The percentage of drop-outs shows a tendency to decrease. In the year 1949-50, for every 100 students in class I, there were only 32 students in class V. In 1960-61 this rose to 37. In middle schools there were only 76 students in class VIII for every 100 students in class VI in 1949-50. In 1962-63 this rose to 80.

(d) The salient features of the programme are given in statement II laid on the Table on the House. [*Placed in Library. See* No. LT—3304/70]

**Inclusion of Members of State Legislative Assemblies and Councils in Parliamentry and Government Sponsored Delegations**

7370. SHRI R. K. BIRLA: Will the Minister of PARLIAMENTRAY AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Members of the State Legislative Assemblies and Councils are taken on the Parliamentary and other Central Government sponsored delegations going abroad;

(b) if so, the names of such Members in each delegation which visited foreign countries during the last three years, year-wise and country-wise; and

(c) how the expenditure is borne as a result of including the State Legislators in these delegations?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI RAGHU RAMAIAH): (a) to (c). Sending of Parliamentary Delegations to foreign countries, is the concern of the Presiding Officers of the Lok Sabha and Rajya Sabha and as such necessary information in connection therewith would be available with the Secretariats of both the Houses. As regards other Central Government sponsored delegations, the information is being collected from the various Ministries.

**पश्चिम बंगाल में लाठी और अन्य हथियार लेकर चलने पर रोक**

7371. श्री रमेश चन्द्र व्यास : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने इस आशय का आदेश प्रख्यापित किया है कि कोई भी व्यक्ति लाठी और अन्य हथियार लेकर इधर-उधर नहीं घूम सकता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि भारतीय साम्यवादी दल (मार्क्सवादी) के कुछ कार्यकर्ता अपनी बैठकों में लाठी हाथ में लिए

हुए आते हैं और इस प्रकार उपरोक्त आदेश का उल्लंघन करते हैं ; और

(ग) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

**गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्याचरण शुक्ल)** : (क) पश्चिम बंगाल सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार कलकत्ता शहर के भीतर और कलकत्ता के उपनगरों में किसी सार्वजनिक स्थान में किसी व्यक्ति द्वारा लाठियां, भालों तथा अन्य आक्रमणात्मक हथियारों के ले जाये जाने पर प्रतिबन्ध लगाते हुए कलकत्ता पुलिस आयुक्त ने एक आदेश जारी किया है ।

(ख) और (ग). राज्य सरकार से तथ्य मालूम किये जा रहे हैं ।

### नक्सलवादियों द्वारा हथियार उठाने का आह्वाहन

7372. **श्री रमेश चन्द्र व्यास** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मार्च के अन्तिम सप्ताह में मदुरै में हुई एक सार्वजनिक सभा में नक्सलवादी साम्यवादी दल के कुछ नेताओं ने मजदूरों तथा शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार पाने के लिए हाथों में हथियार उठाने को कहा है और यह भी कहा है कि वास्तविक जनता की सरकार बल द्वारा ही स्थापित की जा सकती है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार का विचार इन व्यक्तियों के विरुद्ध जो इस प्रकार गरीबी मजदूरों को भड़काते है, क्या कार्यवाही करने का है ?

**गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री विद्या चरण शुक्ल** : (क) तथा (ख). राज्य सरकार से तथ्य मालूम किये जा रहे हैं ।

### हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग (इलाहाबाद द्वारा आयोजित परीक्षाओं को मान्यता

7373. **श्री जगेश्वर यादव** : क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग (इलाहाबाद) द्वारा कौन-कौन सी विभिन्न परीक्षाएं आयोजित की जाती है और क्या पुरुषों तथा स्त्रियों के लिए अलग-अलग परीक्षाएं ली जाती हैं ;

(ख) क्या इस सम्मेलन द्वारा आयोजित परीक्षायें हाई स्कूल तथा इन्टरमिडिएट शिक्षा बोर्ड, उत्तर प्रदेश से मान्यता प्राप्त हैं ; और

(ग) इस सम्मेलन की कौन-कौन सी परीक्षायें उपरोक्त बोर्ड की कौन सी परीक्षाओं के समान मान्यता प्राप्त हैं ?

**शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री भक्त दर्शन)** : (क) जहां तक इस मन्त्रालय में सूचना उपलब्ध है, हिन्दी साहित्य सम्मेलन निम्नलिखित परीक्षायें आयोजित करता है :—

प्रथमा, मध्यमा, (विशारद), उत्तमा (साहित्य रत्न); साहित्य महोपाध्याय; उपवैध, वैद्य विशारद; आयुर्वेद रत्न; कृषि विशारद; शिक्षा विशारद; सम्पादन कला विशारद; शीघ्र लिपि प्रथमा शीघ्र लिपि विशारद; और लिपिक ।

हमारे पास उपलब्ध सूचना के अनुसार पुरुषों और स्त्रियों के लिए अलग से परीक्षाएं आयोजित नहीं की जाती हैं ।

(ख) और (ग). यह सूचना मंत्रालय में उपलब्ध नहीं है ।

### Casino-Cum-Night Club at Vagator in Goa

7374. SHRI BABURAO PATEL : Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Goa Government have received some proposals